SHODHPATRA: INTERNATIONAL JOURNAL OF SCIENCE AND HUMANITIES
E-ISSN: 3048-6041 | Volume-1, Issue-12 | December 2024

# जनसंख्या वृद्धि एवं साक्षरता का प्रभाव: अनूपपुर जिला के विशेष संदर्भ में

डॉ. जिया लाल राठौर
भूगोल विभाग
शासकीय महाविद्यालय जैतपुर, जिला शहडोल, मध्य प्रदेश

**सारांश :-**

आज भारत में जनसंख्या वृद्धि एवं साक्षरता के प्रभावों का आकलन करते हुए शिक्षा में बहुत तेजी से विकास हुआ है। मानव जीवन के सामाजिक आर्थिक राजनीतिक आदि समस्याओं से जूझ रहा है। मानव की आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण अपनी शिक्षा दीक्षा पूरा नहीं कर पा रहा है शासन के योजनाओं के द्वारा जो गरीब परिवार के बच्चे हैं। उनका भरण पोषण नहीं होने के कारण छोटे-छोटे कार्यों में लग जाते हैं और वह पढ़ाई में रुचि नहीं रखते हैं इसीलिए जनसंख्या में वृद्धि होती है एवं साक्षरता में कमी देखने के लिए मिलता है। अनूपपुर जिले में चार विकासखंड है जो की सभी विकासखण्ड में साक्षरता कमी देखने के लिए मिला है। अनूपपुर जिले में जनसंख्या वृद्धि एवं साक्षरता का प्रभाव एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस अध्ययन क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि हुआ साक्षरता दर में कमी देखने के लिए मिला इन सभी विकासखंडो में अलग-अलग साक्षरता दर पुरुष एवं महिलाओं का विश्लेषण किया है ।
**कूटशब्द** : जनसंख्या वृद्धि, साक्षरता, अनूपपुर , शिक्षा, आर्थिक विकास।

## प्रस्तावना :-

जनसंख्या वृद्धि साक्षरता दो महत्वपूर्ण पहलू हैं जो किसी भी समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । साक्षरता की दर में वृद्धि से लोगों की शिक्षा और ज्ञान में वृद्धि होती है, जिससे वे अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं । दूसरी ओर, जनसंख्या वृद्धि का प्रभाव आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विकास पर पड़ता है । हम साक्षरता और जनसंख्या वृद्धि के बीच संबंध का विश्लेषण करेंगे और इन दोनों पहलुओं के प्रभावों को समझने का प्रयास करेंगे । साक्षरता दर में वृद्धि से जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित किया जा सकता है ।

## अध्ययन क्षेत्र :-

मध्यप्रदेश के मानचित्र में अनूपपुर जिले की स्थिति 23°10' उत्तरी अक्षांश से 25°36' उत्तरी अक्षांश तथा 81°40' पूर्वी देशान्तर से 82°10' पूर्वी देशान्तर के मध्य जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 3747 वर्ग किमी. है। जिले की पूर्व-पश्चिम लम्बाई 80 किमी. एवं उत्तर-दक्षिण 70 किमी. है। समुद्र सतह से ऊँचाई 440 से 1170 मी. के मध्य है। मैकाल रेंज की अमरकंटक चोटी सर्वोच्च शिखर है।

## अध्ययन उद्देश्य :-

1. अनूपपुर जिले में जनसंख्या वृद्धि के कारणों का विश्लेषण करना।

2. साक्षरता दर में वृद्धि का विश्लेषण करना।

3. जनसंख्या वृद्धि एवं साक्षरता के प्रभावों का विश्लेषण करना।

4. आर्थिक विकास के लिए सुझाव देना।

### आंकड़ों का विश्लेषण :-

प्रस्तुत शोध पत्र जिला अनूपपुर के आंकड़े प्राथमिक एवं द्वितीय रूप से संग्रहित किए गए हैं आंकड़ों को एकत्रित करने हेतु 2011 को आधार मानकर किया गया है यह शोध प्रबन्ध एवं द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है द्वितीयक आंकड़ों की प्राप्ति जिला जनगणना पुस्तिका सांख्यिकी, पुस्तिका गजेटियर से प्राप्त किया गया है I अनूपपुर जिले की जनसंख्या वृद्धि दर 2011-2021 के बीच 17.43% थी। साक्षरता दर में वृद्धि हुई है, जो 2011 में 69.54% से बढ़कर 2021 में 78.55% हो गई है।


**सारणी क्रमांक 1.1**

**अनूपपुर जिले में जनसंख्या वितरण वर्ष- 2011**

| क्र. | विकासखंड | कुल जनसंख्या | पुरुष जनसंख्या | % | महिला जनसंख्या | % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोतमा | 58147 | 28943 | 49.77 | 29204 | 50.22 |
| 2. | पुष्पराजगढ़ | 221589 | 110836 | 50.01 | 110753 | 49.98 |
| 3. | अनूपपुर | 149702 | 75937 | 50.72 | 73765 | 49.27 |
| 4. | जैतहरी | 192255 | 97034 | 50.47 | 95220 | 49.50 |
| | जिला अनूपपुर | 621693 | 312750 | 50.3 | 308943 | 49.69 |
| योग | मध्य प्रदेश | 52178844 | 26886305 | 51.53 | 25292539 | 48.47 |

**स्रोत: जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, जनगणना पुस्तिका अनूपपुर वर्ष – 2011**

सारणी क्रमांक - 1.1 से स्पष्ट है कि अनूपपुर जिले में जनसंख्या विकास तीव्र गति से हुआ है I सन - 2011 जनगणना के अनुसार अनूपपुर जिले की कुल जनसंख्या 621693 थी, जिसमें पुरुष जनसंख्या 312750 तथा महिला जनसंख्या 308943 पाई गई है I अनूपपुर जिले की तुलना में मध्य प्रदेश की कुल जनसंख्या 52178844, जिसमें महिला जनसंख्या 25292539, पुरुष जनसंख्या 26886305 से कम है I इसी क्रम में अनूपपुर जिले में विकासखंडवार क्रमशः अनूपपुर- पुरुष 50.72% महिला 49.27%, जैतहरी - पुरुष 50.47% महिला 49.50%, पुष्पराजगढ़ - पुरुष 50.1% महिला 49.98%, कोतमा - पुरुष 49.77% महिला 50.22% जनसंख्या पाई गई I जिसके अंतर्गत कोतमा विकासखंड में महिला जनसंख्या 50.22% सर्वाधिक है और विकासखंड अनूपपुर में पुरुष 49.77% जनसंख्या महिला जनसंख्या की तुलना में कम पाई गई है I




**ग्राफ क्रमांक 1.1: अनूपपुर जिले में विकासखंडवार जनसंख्या वितरण**

**सारणी क्रमांक 1.2**


**अनूपपुर जिले में साक्षरता वितरण वर्ष – 2011**

| क्र. | विकासखंड | कुल साक्षरता | % | पुरुष साक्षरता | % | महिला साक्षरता | % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोतमा | 32601 | 56.06 | 19115 | 58.63 | 13486 | 41.37 |
| 2. | पुष्पराजगढ़ | 111812 | 50.45 | 65833 | 58.87 | 45979 | 41.12 |
| 3. | अनूपपुर | 59998 | 40.07 | 35000 | 58.33 | 24998 | 41.66 |
| 4. | जैतहरी | 86482 | 44.98 | 50705 | 58.63 | 35777 | 41.36 |
| 5. | जिला अनूपपुर | 290893 | 46.79 | 170653 | 58.66 | 120240 | 41.33 |
| **योग** | **मध्य प्रदेश** | 25281986 | 38.94 | 17054982 | 67.45 | 11227004 | 44.40 |

**स्रोत: जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, जनगणना पुस्तिका अनूपपुर वर्ष – 2011**

सारणी क्रमांक 1.2 से स्पष्ट है कि अनूपपुर जिले में साक्षरता वृद्धि तीव्र गति से हुई है I सन 2011 जनगणना के अनुसार अनूपपुर जिले की कुल साक्षरता 290893 थी, जिसमें पुरुष साक्षरता 170653 (58.66%) तथा महिला साक्षरता 120240 (41.33%) पाई गई है I अनूपपुर जिले की तुलना में मध्य प्रदेश की कुल साक्षरता 25281986 (38.94%) जिसमें महिला साक्षरता 11227004 (44.40%) पुरुष साक्षरता 170544982 (67.45%) से कम है I इसी क्रम में अनूपपुर जिले में विकासखंडवार क्रमशः अनूपपुर - पुरुष 58.33% महिला

41.66%, जैतहरी - पुरुष 58.63% महिला 41.36%, पुष्पराजगढ़ - पुरुष 58.87% महिला 41.12%, कोतमा - पुरुष 58.63% महिला 41.37% साक्षरता पाई गई I जिसके अंतर्गत कोतमा विकासखंड में महिला साक्षरता 41.37% सर्वाधिक है और विकासखंड पुष्पराजगढ़ में पुरुष साक्षरता 58.87% महिलाओं के अपेक्षा अधिक पाई गई I




**ग्राफ क्रमांक 1.2: अनूपपुर जिले में साक्षरता वितरण वर्ष – 2011**

## समस्या :-

1. निम्न साक्षरता दर: अनूपपुर जिले में साक्षरता दर अभी भी बहुत कम है, जो कि 67.90 प्रतिशत है।
2. लिंग असमानता: जिले में महिलाओं की साक्षरता दर पुरुषों की तुलना में बहुत कम है, जो कि 57.30 प्रतिशत है।
3. शिक्षा की कमी: जिले में शिक्षा के अवसरों की कमी है, जिससे लोगों को शिक्षा प्राप्त करने में परेशानी होती है।
4. आर्थिक समस्याएं: जिले में आर्थिक समस्याएं हैं, जिससे लोगों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए पैसे नहीं मिलते हैं।

## सुझाव :-

1. शिक्षा के अवसरों में वृद्धि: जिले में अधिक स्कूलों और कॉलेजों की स्थापना करने से शिक्षा के अवसरों में वृद्धि हो सकती है।
2. महिलाओं की शिक्षा पर ध्यान: जिले में महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने से उनकी साक्षरता दर में सुधार हो सकता है।
3. शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार: जिले के स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने से छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सकती है।

4. आर्थिक सहायता: जिले में आर्थिक सहायता प्रदान करने से लोगों को शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

## निष्कर्ष :-

अनूपपुर जिले में जनसंख्या वृद्धि एवं साक्षरता का प्रभाव एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। साक्षरता दर में वृद्धि हुई है, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने की आवश्यकता है। आर्थिक विकास के लिए उद्योगों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. जिला जनगणना पुस्तिका अनूपपुर वर्ष 2011
2. जिला सांख्यिकी पुस्तिका अनूपपुर वर्ष 2011
3. जी. एस. गोसल 1967 Literacy in India: An Inter pretative. study rular Sociology - Vol.29.P45
4. कैलडवैल जे.सी 1980" जनसंख्या और विकास समीक्षा Vol.6. P.137
5. चंदना .आर. सी.1998"जनसंख्या भूगोल कल्याणी पब्लिशर्स नवम संस्करण P 81